राजस्थान सरकार

कार्यालय वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, खनिज भवन, राजसमन्द

office of the Senior Geologist, Mines and Geology Department, Khanij Bhawan, Rajsamand

Tel NO.- 02952-221634, email- sg.rajsamand@rajasthan.gov.in

क्रमांक : वभूवै/राज/ तक./निविदा/आ.सो./2024/–00019/ दिनांक :

## निविदादाताओं के लिये आवश्यक दिशा–निर्देशं :–

1. निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व निविदादाता द्वारा सावधानी पूर्वक निविदा दस्तावेज, खुली निविदा सूचना, कार्य की सेवा प्रदायगी की सामान्य शर्ते एवं निर्देश, निविदादाताओं के लिये आवश्यक दिशा–निर्देश, घोषणा पत्र, अनुबंध A,B,C,D व बित्तीय निविदा प्रपत्र को प्राप्त व अध्ययन कर निविदाऐं प्रस्तुत की जानी चाहिए।
2. समस्त निविदा कार्यवाही राजस्थान सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा नियम 2013 के अन्तर्गत की जा रही है । अतः इनके प्रावधान प्रभावी रहेगें ।
3. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम,1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ प्रस्तुत की जायेगी। यदि उपरोक्त मे से कोई नियम बोलीदाता पर लागु नही होता है तो इस आशय का अंडरटेकिंग कारण सहित संलग्न करना होगा।
4. निविदा निर्धारित निविदा प्रपत्र में ही प्रस्तुत की जानी आवश्यक है, अन्यथा अस्वीकार कर दी जावेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.10.2024 समय दोपहर 1.00 बजे तक इस कार्यालय वरिष्ठ भूवैज्ञानिक राजसमन्द में उपस्थित होकर 250/–रू0 निविदा शुल्क जमा करा कर प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा प्रपत्र जिस नाम से जारी किये जायेंगें उसी के द्वारा प्रस्तुत किये जा सकेंगें। निविदा विभागीय वेबसाईट https://mines.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है, जिसके लिए निविदा शुल्क हेतु राशि रु0 250 का डिमाण्ड ड्राफट/बैंकर चैक, "(Senior Geologist Rajsamand)" के नाम से payable at Rajsamand देय, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा ।
5. निविदायें दिनांक 15.10.2024 समय दोपहर 1.00 तक बजे तक कार्यालय वरिष्ठ भूवैज्ञानिक राजसमन्द में जमा करवायी जा सकेगी। डाक/कुरियर से प्रेषित निविदाऐं भी दिनांक 15.10.2024 समय दोपहर 1.00 बजे तक कार्यालय वरिष्ठ भूवैज्ञानिक राजसमन्द में प्राप्त होनी आवश्यक है। देरी से प्राप्त निविदाओं पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा। निविदायें दिनांक 15.10.2024 समय दोपहर 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कक्ष में खोली जावेगी।
6. अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त किये जाने/खोले जाने की दिनांक को अवकाश रहता है तो निविदा प्राप्त किये जाने/खोले जाने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस को होगी।
7. निविदा फार्म सही तरीके से प्रत्येक कॉलम की पूर्ति करते हुये भरा जाये किसी प्रकार की ओवर राइटिंग नहीं की जाये। ओवरराईटिंग होने पर लधु हस्ताक्षर करें। निविदायें अंक और शब्दों दोनों में भरनी अनिवार्य हैं। अपूर्ण निविदा तथा सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र स्याही या टाईप से भरा जावें। पेन्सील से भरा हुआ निविदा प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा की शर्तो की स्वीकृति के

रूप में निविदादाता को निविदा फॉर्म एवं उसके साथ संलग्न प्रत्येक दस्तावेज के प्रत्येक पृश्ठ पर एवं निविदा के अन्त में हस्ताक्षर करना आवश्यक है।

8. निविदादाता को निविदि शुल्क राशि रूपये 250/- (यदि निविदा वेबसाईट से डाउनलोड़ की गयी हो) तथा बिड़ सिक्युरिटी राशि रूपये 10000/- का डिमाण्ड ड्राफट/बैंकर चैक, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होंगा। राजस्थान के लघु उद्योगो के मामलो में यह विषय वस्तु के अनुमानित मूल्य का 0.5 प्रतिशत होगा और लघु उद्योगों के अलावा बीमार उद्योग के मामलों में जिनके प्रकरण औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड के पास लम्बित है यह 1 प्रतिशत होगा।
   I. डिमाण्ड ड्राफट/बैंकर चैक, "(Senior Geologist Rajsamand)" के नाम payable at Rajsamand देय होंगे।
   II. केन्द्रीय सरकार व राजस्थान सरकार के उपकम को बिड़ सिक्युरिटी जमा नही करनी होगी। इसके स्थान पर बिड़ सिक्युरिटी डिक्लेरेशन प्रस्तुत करना होगा।
   III. निविदा शुल्क नॉन रिफन्डेबल होगा।
   IV. निम्नलिखित मामलों में बिड सिकुरिटी जब्त कर ली जाएगी
   जब निविदाकर्ता निविदा खोलने के बाद लेकिन निविदा की स्वीकृति से पहले निविदा को वापस ले लेता है या संशोधित करता है।
   जब निविदाकर्ता निर्दिष्ट समय के भीतर निर्धारित अनुबंध यदि निष्पादित नहीं करता है।
   जब निविदाकर्ता आपूर्ति आदेश दिए जाने के बाद परफोरमेन्स सिकुरिटी जमा नहीं करता है।
   जब निविदाकर्ता निर्धारित समय के भीतर आदेश के अनुसार सेवा प्रदायगी शुरू करने में विफल रहता है।

9. सफल निविदादाता को कार्यादेश जारी करने की तिथी से 7 दिन में रु0 500/-के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एग्रीमेन्ट करना होगा एवं कार्यादेश में अंकित राशि की 5 % राशि परफोर्मेन्स सिक्युरिटी के रूप में जमा करानी होगी। यदि परफोरमेन्स सिक्युरिटी की राशि में कोई संशोधन होता है तो सफल निविदादाता को नियमानुसार संशोधित राशि जमा करानी होगी। एग्रीमेन्ट से सम्बन्धित समस्त व्यय का वहन निविदादाता को ही करना होगा। परफोर्मेन्स सिक्युरिटी, "(Senior Geologist Rajsamand)" के नाम से payable at Rajsamand देय जमा करानी होगी। परफोर्मेन्स सिक्युरिटी 1 वर्ष हेतु जमा करानी होगी।

10. परफोरमेन्स सिक्युरिटी निम्नलिखित प्ररूपों में से किसी एक में प्रस्तुत की जायेगीः-
   (क) "ई. जी. आर. ए. एस. के माध्यम से जमा;
   (ख) किसी अनुसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक;
   (ग) राष्ट्रीय बचत पत्र और राजस्थान में किसी डाकघर द्वारा अल्प बचत के प्रोन्नयन के लिए राष्ट्रीय बचत स्कीमों के अधीन जारी कोई अन्य स्क्रिप्ट/लिखत, यदि वह सुसंगत नियमों के अधीन बंधक रखी जा सकती हो। बोली के समय वे उनके समर्पण मूल्य पर स्वीकार की जायेंगी और मुख्य डाकपाल के अनुमोदन से औपचारिक रूप से उपापन संस्था के नाम अंतरित की जायेंगी।
   (घ) किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी/गारंटियां। यह जारी करने वाले बैंक से सत्यापित करायी जायेगी। बैंक गारंटी से संबंधित अन्य शर्तें बोली प्रतिभूति के लिए नियम 42 में वर्णित के समान होंगी।
   (ङ) किसी अनुसूचित बैंक की नियत जमा रसीद (एफडीआर)। यह बोली लगाने वाले के खाते उपापन संस्था के नाम होगी और बोली लगाने वाले द्वारा अग्रिम रूप से उन्मोचित की जायेगी। उपापन संस्था नियत जमा रसीद को स्वीकार करने के पूर्व यह सुनिश्चित करेगी कि बोली लगाने वाला बैंक की ओर से उपापन संस्था को संबंधित बोली लगाने वाले की सहमति की अपेक्षा के बिना, नियत जमा रसीद का मांग पर संदाय/समयपूर्व संदाय करने का वचन देता है। कार्य सम्पादन प्रतिभूति के समपहरण की दशा में नियत जमा ऐसी नियत जमा पर अर्जित ब्याज के साथ समपहृत कर ली जायेगी।

- बिड सिक्योरिटी को परफोरमेन्स सिक्योरिटी के विरुद्ध समायोजित किया जा सकेगा। परफोरमेन्स सिक्योरिटी पर विभाग द्वारा कोई ब्याज देय नहीं होगा।

V. बिड दस्तावेज के पार्ट बी – निविदा एवं शर्तें में वर्णित दस्तावेज।

VI. अन्य कोई दस्तावेज जो आवश्यक हो।

25. कार्यालय में बोलीदाता द्वारा नियुक्त कर्मचारी की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी। यदि कार्य/सेवा के दौरान किसी भी नुकसान, क्षति, दुर्घटना के लिए समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी विभाग द्वारा इस हेतु कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

26. कार्यालय में एवं परियोजनाओं पर सुचारू रूप से कार्य सम्पादन की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। कार्य के दौरान आग, बाढ़, प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना आदि से होने वाले नुकसान की जिम्मेदारी स्वंय निविदादाता की होगी विभाग द्वारा इस हेतु कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

27. कार्यालय में एवं परियोजनाओं पर कार्य हेतु निविदादाता द्वारा लगाये गये कर्मचारी की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। निविदादाता अपने लगाये हुए कर्मचारी का आग, बाढ़, प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना आदि से किसी भी नुकसान या क्षति, के लिये बीमा करा सकता है एवं बीमा का सारा खर्च स्वयं निविदादाता को वहन करना होगा। विभाग द्वारा इस हेतु कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

28. वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, खान एवं भू विज्ञान विभाग, राजमसन्द के पास कार्य के सम्पादन के लिए नियमों और शर्तो को बदलने, सही करने व संशोधित करने का अधिकार होगा।

29. कार्य की अवधि अनुबंध सम्पादित एवं हस्ताक्षरित होने की तिथि से 31.03.2025 तक के लिए मान्य होगी। विभाग की आवश्यकतानुसार कार्य संतोषप्रद होने पर अनुबंध नियमानुसार आगे बढ़ाया जा सकता है।

30. सफल फर्म द्वारा अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन पाये जाने पर अनुबंध समाप्त करने का विभाग को पूर्ण अधिकार होगा एवं इस हेतु कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

31. कोई भी विधिक विवाद होने पर सक्षम न्यायालय राजसमन्द में ही वाद दायर किया जा सकता है।

32. वित्त विभाग के परिपत्र 3/2013, दिनांक 4.02.2013 के अनुसार संलग्नक A,B,C,D निविदा तथा अनुबंध का हिस्सा होगें। सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा नियम 2013 के सभी नियम निविदा पर प्रभावी माने जायेगे।

(सी.बी.पुर्बिया)
वरिष्ठ भूवैज्ञानिक
राजसमन्द

राजस्थान सरकार

कार्यालय वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, खनिज भवन, राजसमन्द

office of the Senior Geologist, Mines and Geology Department, Khanij Bhawan, Rajsamand

Tel NO.- 02952-221634, email- sg.rajsamand@rajasthan.gov.in

## कार्य की सेवा प्रदायगी की सामान्य शर्ते एवं निर्देश

1. निविदादाता निविदा भरने से पहले निविदा प्रपत्र एवं शर्ते व निर्देश को सावधानी पूर्वक पढ लें।
2. निविदा मासिक व्यय के आधार पर दिनांक 31.03.2025 तक के लिए की जानी है । निविदादाता को मासिक बिल आगामी माह की 10 तारीख तक प्रस्तुत करने होंगे। बिलों का भुगतान फिल्ड अधिकारी द्वारा कार्य की संतोषप्रद रिपोर्ट उपरान्त किया जायेगा।
3. कार्य की सेवा प्रदायगी संबंधी कोई भी शिकायत कार्यालय के किसी भी कर्मचारी/अधिकारी द्वारा कार्यालयाध्यक्ष को की जा सकेगी, जो शिकायत का सत्यापन करा संवेदक को उसके निवारण के लिए निर्देशित करेंगें। यदि संवेदक द्वारा उक्तानुसार दिये गये निर्देशो की पालना 24 घंटे के भीतर नहीं की जाती है तो कर्मचारी/अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर कार्यालयाध्यक्ष के निर्देश पर शिकायत अवधि में प्रतिदिन रू.1000/- की दर से जुर्माना राशि संवेदक के देय बिलो से वसूल की जाएगी। उक्तानुसार सेवा प्रदायगी अवधि में चार से अधिक बार शिकायत निवारण में विफल रहने पर 15 दिन का नोटिस देकर नियमानुसार प्रतिभूति जब्त करते हुए अनुबंध निरस्त किया जा सकेगा ।
4. यह कार्य की सेवा प्रदायगी अनुबंध है, कार्य निविदा अनुसार नहीं करने या अधूरा छोड़ने/बन्द करने की दशा में वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजसमन्द को पूर्ण अधिकार होगा कि वह संवेदक/फर्म के हर्जे खर्चे पर उस कार्य को किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था से करवा सकता है और उसमें हुआ अतिरिक्त व्यय संवेदक से वसूल किया जायेगा।
5. यदि संवेदक स्वयं या उनके कर्मचारी कार्य के दौरान संस्थान की चल अचल सम्पति का कोई भी नुकसान करता हैं तो उसकी वसूली संवेदक के बिल/प्रतिभूति राशि से की जावेगी। नुकसान का आंकलन विभाग स्तर पर कराया जायेगा जो कि संवेदक को मान्य होगा। संवेदक/फर्म के किसी भी कर्मचारी द्वारा कार्य में व्यवधान डालने/अवांछित गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर अथवा अनपेक्षित आचरण करने पर यदि प्रशासन उस को हटाने का निर्देश देता हैं तो संवेदक/फर्म को उस कर्मचारी को तुरन्त हटाना होगा।
6. संवेदक/फर्म को उनके अधीन कार्यरत श्रमिकों का चरित्र सत्यापन (पुलिस वेरिफिकेशन), श्रम विभाग द्वारा निर्धारित परिपत्रों में सूचना एवं अन्य समस्त प्रकार के रिकार्ड तैयार करने एवं तदुपरान्त सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी संवेदक/फर्म की होगी तथा किसी भी अधिकारी/विभाग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।
7. पागल, बालक (18 वर्ष से कम) एवं विकलांग श्रमिकों की सेवायें स्वीकार नहीं की जावेगी। कार्य स्थल पर श्रमिकों को स्वंय के साधन से पहुंचना होगा।
8. अनुबन्ध अवधि के दौरान यदि श्रमिक/श्रमिकों द्वारा कोई न्यायिक प्रकरण/लिटिगेशन दायर किया जाता है तो उसके लिये अनुमोदित निविदाकार पूर्ण रुप से उत्तरदायी होगा।
9. श्रमिक हितों के संरक्षण का एक मात्र दायित्व अनुमोदित निविदाकार का रहेगा। श्रम कल्याण के लिये अपेक्षित सुविधायें अनुमोदित निविदाकार द्वार उपलब्ध कराई जायेगी। इस संबंध में विभाग को श्रमिकों के प्रति कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
10. अनुबन्ध द्वारा आउट सोर्सिंग से कराये जाने वाले कार्य हेतु अनुमोदित निविदादाता द्वारा लगाये गये श्रमिकों द्वारा उठायी गई किसी प्रकार की शिकायत को सुनने के लिये विभाग बाध्य नहीं है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, खनिज भवन, राजसमन्द
office of the Senior Geologist, Mines and Geology Department, Khanij Bhawan, Rajsamand
Tel NO.- 02952-221634, email- sg.rajsamand@rajasthan.gov.in

## निविदा प्रपत्र

1. कार्यालय वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, राजसमन्द के अधीन संचालित खनिज सर्वेक्षण एवं पूर्वेक्षण परियोजनाओं में आऊटसोर्सिंग पर करवाये जाने वाले कार्यो की सेवा प्रदायगी
   खुली बोली सूचना संख्या ...... /2024–25
2. निविदादाता का नाम, पता व कोन्टेक्ट नं0 मैसर्स........................................ ........................................
   ........................................ ........................................
   ........................................
3. निविदा शुल्क है या — नकद रसीद संख्या .................................. दिनांक........................... राशि रु. 250/– जमा करा दिये गये
   डी.डी. कमांक ......................... दिनांक ................. राशि रु. 250/– .................................................
   (बैंक का नाम) संलग्न है।
4. बिड़ सिक्युरिटी — डी.डी. कमांक ..............................., दिनांक ................. राशि रु. 10000/– .................................................
(बैंक का नाम) संलग्न है।

मैं/हम निविदाकार निम्नानुसार निविदा दरें प्रस्तुत करता हूँ/करते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य की प्रकृति | कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन की अनुमानित संख्या | श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी प्रति व्यक्ति प्रति माह (रु में) | सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत प्रति व्यक्ति प्रति माह दर (रु में) (कॉलम 4 में अंकित न्यूनतम मजदूरी से कम नहीं हो) | EPF दर 13 % (कॉलम सं. 5 में अंकित राशि का 13%) (रु में) | ESI दर 3.25 % (कॉलम सं. 5 में अंकित राशि का 3.25%) (रु में) | सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि (रु में) | कुल राशि (रु में) (5+6+7+8) | कुल राशि शब्दों में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | विभागीय परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्य, खनिजों के डेलिनियेशन सबंधी कार्य, एम.एल./पी.एल./सी.एल. क्षैत्रों पर आवश्यक कार्य यथा सेम्पलिंग (सेम्पल कलेक्शन एवं सेम्पल प्रिपरेशन) का कार्य, सर्वे से सबंधित कार्य, सर्वे उपकरणों इत्यादि की सुरक्षा एव रखरखाव का कार्य, परियोजना पर पिटिंग/ट्रेन्चिग कार्य, केम्प संचालन सबंधी, चौकीदारी एवं निर्देशानुसार अन्य सम्बन्धित कार्यो को आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यो की सेवा प्रदायगी | अकुशल–8 | 7410/– | | | | | | |

संवेदक कॉलम सं. 5 में प्रति व्यक्ति प्रति माह मजदूरी कोट करेगा व तदनुसार कॉलम 6 व 7 की पूर्ति करेगा। कॉलम सं. 8 में सेवा प्रदाता अपना सर्विस चार्ज प्रति व्यक्ति प्रतिमाह अंकित करेगा। इस प्रकार कॉलम संख्या 5 से 8 का योग कॉलम संख्या 9 में अंको में व कॉलम संख्या 10 में शब्दो में अंकित करेगा। न्यूनतम बोली का निर्धारण कॉलम 9 व 10 में अंकित कुल राशि के आधार पर किया जाएगा।

1. मै/हम निविदाकार ने वरिष्ठ भूवैज्ञानिक, राजसमन्द द्वारा जारी खुली बोली निविदा सूचना कमांक. .................. दिनांक ..................... एवं इस निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज, शर्तो का अध्ययन, अवलोकन एवं मनन कर लिया है और समस्त शर्तो से सहमत हुं एवं इन शर्तो की स्वीकृति के क्रम में निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर दिये गये है।
2. मेरे /हमारे द्वारा उक्त दरें सम्पूर्ण बिड़ डॉक्युमेन्ट पढने के बाद ही कोट की गई है तथा निविदा के अनुसार समस्त दस्तावेज संलग्न कर दिये गये हैं।
3. प्रस्तावित दरें अनुबन्ध की दिनांक से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए प्रभावी होगी। विभाग द्वारा अनुबन्ध की अवधि नियमानुसार बढाई जा सकेगी।

हस्ताक्षर निविदादाता
नामः
मोबाईल नम्बर

